COUP-PRTN/50/2025-PRTN



**न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 74 अनुसूचित नियोजनों में देय परिवर्तनीय महंगाई भत्ता**

कार्यालय पत्र संख्या–2011–18 प्रवर्तन–(एम0डब्लू0)/15 दिनांक 27–03–2025 में आँशिक संशोधन करते हुए संशोधि परिवर्तनीय महंगाई भत्ते का आगणन निर्गत किया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 व अन्तर्गत राजाज्ञा संख्या–194/36 –3–2014–07 (न्यू0वे0)/4 दिनांक 28–1–2014 द्वारा 59 तथा अधिसूचना संख्या–850/36–03 –2019 –931(न्यू0वे0)/06 दिनांक: 30 सितम्बर 2019 द्वारा 15 अनुसूचित नियोजनों में नियोजित कर्मकारों हेतु मजदूरी की मूल दरों एवं परिवर्तनीय महंगाई भत्ते का निर्धारण किया गया है। मजदूरी की जो दरें मासिक आधार पर निर्धारित की गयी है उनकी दैनिक दर, मूल मजदूरी और परिवर्तनीय महंगाई भत्ते के 1/26 से कम तथा प्रति घंटे दर दैनिक दर का 1/6 से कम न होगी।

उक्त के अनुक्रम में निम्नांकित 74 नियोजनों में नियोजित कर्मचारियों के लिये अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधार वर्ष(2001=100) माह जुलाई 2012 से दिसम्बर 2012 के औसत 216 अंको के ऊपर जूलाई 2024 से दिसम्बर 2024 के औसत अंक 413 पर दिनांक 1–04–2025 से 30–9–2025 तक की अवधि हेतु परिवर्तनीय मंहगाई भत्ता निम्नलिखित दृष्टान्त की भाँति गणना करके देय होगा:–

दृष्टान्त–रूपये 5750/–प्रतिमाह मजदूरी पाने वाले अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–413 पर दिनांक 1–04–2025 से 30–9–2025 तक की अवधि हेतु परिवर्तनीय महंगाई भत्ता निम्नलिखित होगा।

$$\frac{(413-216)}{216} \times 5750 = \text{रू0–5244.21/–प्रतिमाह}$$

**विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों को देय प्रतिमाह मूल मजदूरी,परिवर्तनीय महंगाई भत्ता, की मासिक एवं दैनिक मजदूरी की दरें।**

| क्रमॉक | श्रेणी | प्रतिमाह मूल मजदूरी रूपये में | दिनांक:1.10.2024 से 31.3.2025 तक कुल मजदूरी (रूपये में) | परिवर्तनीय महंगाई भत्ता रू0 मे दिनांक:1.04.2025 से 30.9.2025 तक | दिनांक:1.04.2025 से 30.9.2025 तक कुल मजदूरी (रूपये में) (3+5) | दिनांक:1.04.2025 से 30.9.2025 तक दैनिक मजदूरी (रूपये में) (1/26) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अकुशल | 5750 | 10701 | 5244.21 | 10994.21 | 422.85 |
| 2 | अर्धकुशल | 6325 | 11772 | 5768.63 | 12093.63 | 465.13 |
| 3 | कुशल | 7085 | 13186 | 6461.78 | 13546.78 | 521.03 |

2 ईट भट्ठा उद्योग नियोजन में नियोजित श्रमिकों की मजदूरी निम्नवत् है:–

| क्रमॉक | श्रेणी | दिनांक:1.04.2025 से 30.9.2025 तक | | |
|---|---|---|---|---|
| 1<br>2 | अकुशल<br>कुशल | उपरोक्त तालिका के क्रमॉक 1 व 3 के अनुसार न्यूनतम वेतन देय होगा | | |
| | | मूल मजदूरी | परिवर्तनीय महंगाई भत्ता रू0 में | कुल मजदूरी(रूपये में) |
| 2 | पथेरा | रू0–365 | रू0–332.89 | रूपया–697.89/– प्रति हजार |
| | मराईवाला<br>(1) 500 मीटर की दूरी तक<br>(2) 500 मीटर से अधिक | <br>रू0–110<br>रू0–132 | <br>रू0–100.32<br>रू0–120.38 | <br>रूपया–210.32/– प्रति हजार<br>रूपया–252.38/– प्रति हजार |
| 3 | निकासी वाला | रू0–110 | रू0–100.32 | रूपया–210.32/– प्रति हजार |

1 रबर की विनिर्माणशाला और रबर उत्पाद(टायर और टयूब सहित) के उद्योग।
2 प्लास्टिक उद्योग और प्लास्टिक उत्पाद के उद्योग
3 मिष्ठान उद्योग।
4 वासित पेयों(एरोटेड ड्रिंक्स) के विनिर्माण।
5 फलों के रसो की विनिर्माणशाला।
6 परतदार लकडी(प्लाईवुड) के उद्योग।
7 पेट्रोल और डीजल आयल पम्प।
8 डेरी और मिल्क डेरी।
9 सिल सिलाये कपडो की विनिर्माणशाला।
10 बॉध तटबन्ध के निर्माण और अनुरक्षण, सिंचाई परियोजनाओं कुओं और तालाबों की खुदाई।
11 उन समस्त रजिस्ट्रीकृत कारखानों में नियोजन, जिनका उल्लेख पहले नही किया गया है।
12 प्राइवेट अस्पताल(नर्सिंग होम्स) एवं प्राइवेट क्लीनिकों और प्राइवेट डाक्टरी सामान की दुकानो।
13 ढलाई घर।
14 धातु उद्योग।
15 टिन प्लेट शॉपिग और टिन प्रिंटिग।
16 ऐसे अभियन्त्रण उद्योग जिसमें 50 से कम व्यक्ति नियोजित हों।
17 चर्म शोधनशाला और चर्म विनिर्माणशाला।
18 चर्म वस्तु विनिर्माण उद्योग।
19 होजरी सकर्म।
20 निजी पुस्तकालय।
21 काष्ठ सकर्म और फर्नीचर उद्योग।
22 प्राइवेट कोचिंग कक्षाओं प्राइवेट विद्यालयों, जिनमें नर्सरी स्कूल और निजी प्राविधिक संस्थाएं भी सम्मिलित है।
23 तम्बाकू विनिर्माण।

Scanned with OKEN Scanner

24 धर्मशाला।
25 वानिकी(फारेस्ट्री) लट्ठा बनाने और काष्ठ कार्य, जिसके अन्तर्गत किसी अन्य वन उपज का संग्रहण और उसे मण्डी मे ले जाना भी है।
26 दुकानों में
27 वाणिज्य अधिष्ठानों में।
28 चावल मिल, आटा मिल या दाल मिल।
29 तेल मिल।
30 लोक मोटर परिवहन।
31 यॉत्रिक परिवहन कर्मशाला।
32 आटोमोबाइल रिपेयर्स कर्मशाला।
33 सड़कों के निर्माण या उन्हे बनाये रखने का निर्माण सक्रियाओं।
34 पत्थर तोड़ने या पत्थर कूटने।
35 चिकन के कार्य।
36 दियासलाई उद्योग।
37 आइसकैण्डी/आईसक्रीम विनिर्माणशाला।
38 बेकरी और बिस्कुट विनिर्माणशाला।
39 बर्फ विनिर्माणशाला।
40 एस्बेस्टस सीमेन्ट कारखानों और अन्य सीमेन्ट उत्पाद विनिर्माणशचला।
41 लाण्ड्री और धुलाई अधिष्ठान।
42 जिल्दसाजी।
43 कोल्ड स्टोरेज।
44 पाटरी, सिरैमिक्स या रिफैक्ट्रीज।
45 निजी मुद्रणालय।
46 सिनेमा उद्योग।
47 कपड़ा छपाई।
48 सिलाई उद्योग।
49 ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक, यूनानी फार्मेसी।
50 क्लब
51 हथकरघा(सिल्क की साड़ी बुनाई) जरी के कार्य।
52 कपड़ा धोने या प्रसाधन के साबुन या सिलिकेट या साबुन का चूर्ण या प्रक्षालक विनिर्माण।
53 ऊनी कम्बल बनाने के अधिष्ठान
54 खाण्डसारी।
55 हथकरघा उद्योग।
56 शक्ति चालित करघा उद्योग।
57 छोटा(मिनिएचर) बल्ब एवं कॉच उत्पादो के निर्माण।
58 कागज, गत्ता और पेपर बोर्ड उद्योग।
59 ईंट भट्ठा उद्योग।
60 ताला उद्योग के नियोजन में।
61 पीतल के बर्तनों एव पीतल उत्पाद के विनिर्माण के नियोजन।
62 किसी निजी सुरक्षा और सेवा प्रदाता अभिकरण में नियोजित सुरक्षा कर्मी(सुरक्षा कर्मियों) जिनमें हथियार सहित/हथियार रहित आदि कर्मी सम्मिलित हो।
63 बुहारने और सफाई में नियोजन, जिसमे सफाई कर्मचारी नियोजन एवं शुष्क सौचालयों का निर्माण(प्रतिरोध) अधिनियम 1993 के अन्तर्गत के निषिद्व क्रिया–कलाप सम्मिलित नही है।
64 घरेलू कामगारो का नियोजन।
65 कम्प्यूटर हार्डवेयर उद्योग एवं सेवाओं मे नियोजन।
66 एल0पी0जी0वितरण एव सबंधित सेवाओ में नियोजन।
67 टैक्सीज, आटोरिक्शा/टैम्पो एव ट्रैवलिंग अभिकरण मे नियोजन।
68 केबिल आपरेटर एवं सबंधित सेवाओ में नियोजन।
69 गैर सरकारी सगठन(एन0जी0ओ0) एवं संबंधित सेवाओ में नियोजन।
70 विक्रय संवर्धन(विक्रय संवर्धन(सेवा शर्तें) अधिनियम 1976 के अधीन सम्मिलित अथा सम्मिलित किये जाने वाले किसी उद्योगों में) में नियोजन।
71 हेयर कटिंग सैलून एवं ब्यूटी पार्लर(पुरूष एवं महिलायें) में नियोजन।
72 कारपोरेट कार्यालयो मे नियोजन।
73 काल सेन्टर/आई0टी0 इण्डस्ट्रीज/टेलीकालिंग सेवाओं आदि मे नियोजन।
74 ऐसे प्रतिष्ठान जो किसी अनुसूचित नियोजन के अधीन आच्छादित न हो, मे नियोजन।

(मार्कण्डेय शाही)
श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

कार्यालय, श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, जी0 टी0 रोड, कानपुर।

संख्या 2128-35 प्रवर्तन–(एम0डब्लू0)/15 दिनांक 28/03/2025

1 समस्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि अधीनस्थ अधिकारियो को अवगत करायें तथा श्रमिको, सेवायोजको व उनके प्रतिनिधियो द्वारा मॉगे जाने पर उपलब्ध कराए।
2 अनुसचिव,उत्तर प्रदेश शासन, श्रम अनुभाग–3, बापू भवन, लखनऊ।
3 सहायक निदेशक, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय(वेज सेल)भारत सरकार नई दिल्ली ई–मेलwagecell@nic.in के माध्यम से
4 अधिशासी निदेशक उद्योग बन्धु, लखनऊ।
5 उप श्रम आयुक्त(आई0आर0),मुख्यालय, कानपुर।
6 उप श्रम आयुक्त(कम्प्यूटर),मुख्यालय को समस्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कराने तथा विभागीय वेबसाइट www.uplabour.gov.in पर अपलोड कराने हेतु।
7 श्री हिमांशु कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष, मुख्यालय को अभिलेखार्थ प्रेषित।
8 समस्त प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों को जन सामान्य की जानकारी हेतु जनहित मे निशुल्क प्रकाशनार्थ।

Signed by
Markandeya Sahi
Date: 28-03-2025 17:33:08

(मार्कण्डेय शाही)
श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner